दैनिक भास्कर 06/04/2025

**स्पर्धा** • जीएमएन कॉलेज में 55वीं खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

# 100 मीटर रेस में बलजिंदर सिंह व द्वितीय वर्ष की रमनी दौड़े सबसे तेज

**भास्कर न्यूज | अम्बाला**

जीएमएन कॉलेज में खेलकूद विभाग, एनसीसीवाईआरसी, वुमन सेल, एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में 55वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्यातिथि बलबीर सिंह ने ध्वजारोहण किया। प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष बृजेश कुमार को बधाई दी। बलबीर सिंह ने कहा कि आने वाली युवा पीढ़ी के कंधों पर देश की बागडोर है। युवाओं को नशे की तरफ न जाकर खेल व देशहित की ओर अग्रसर होना चाहिए। अंत में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए सीएमओ डॉ. राकेश सहल ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, संघर्ष और समर्पण की पाठशाला है। खेलों से न केवल शरीर तंदुरुस्त रहता है, बल्कि यह हमें हार-जीत से ऊपर उठकर प्रयास करना सिखाता है।




अम्बाला | खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।

## खेल प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम

100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष के बलजिंदर सिंह ने पहला, बीए तृतीय वर्ष के संजीव कुमार ने दूसरा व बीए फर्स्ट ईयर के समिपया ने तीसरा स्थान पाया। 100 मीटर महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की रमनी ने पहला, बीए सेकंड ईयर की अवनीत ने दूसरा व एमए फर्स्ट ईयर की कृतिका ने तीसरा स्थान पाया। 200 मीटर पुरुष वर्ग में बीए फर्स्ट ईयर के श्लोकया ने पहला, बीए थर्ड ईयर के पंकज ने दूसरा व बीए सेकंड ईयर के बलजिंदर ने तीसरा स्थान पाया। 50 मीटर महिला वर्ग में बीए सेकंड ईयर की अवनीत कौर ने पहला, बीए सेकंड ईयर की रमणी ने दूसरा व बीकॉम सेकंड ईयर की अंकिता ने तीसरा स्थान पाया।